an>

Title: Need to ensure transparency and compliance of rules in works outsourced by the Central Coalfields Limited and the Bharat Coking Coal Limited in Giridih Parliamentary Constituency, Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सीसीएल और बीसीसीएल में आउट सोर्सिंग कार्यों में शामिल विभिन्न कंपनियों द्वारा कई नियम विरूद्ध कार्यों को अंजाम दिया जाता है, जिसके अंतर्गत कोयले की चोरी, हैवी ब्लास्टिंग, खान कानूनों का उल्लंघन, उक्त कंपनियों के द्वारा उक्त प्रबंधन के मशीनों और उपकरणों का संचालन, ओवरबर्डेन की मापी में गड़बड़ी, बैंक फिलिंग नहीं करने के कारण पानी का जलस्तर नीचे गिरना, मजदूरों का काउन्टर पेमेन्ट नहीं करना आदि कार्यों से सरकार के राजस्व में भारी हानि हो रही है और आमजनों को काफी परेशानी हो रही है। लोगों को जमीन का मुआवजा और नौकरी दोनों नहीं मिली। इस संबंध में हमने मामले को सदन में कई बार उठाया, परंतु इस संदर्भ में आज तक समुचित कार्रवाई नहीं की गई

।

अतः सरकार से आग्रह है कि उपर्युक्त गड़बड़ियों के निराकरण हेतु एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन कर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई की जाए।